# झुंझुनूं में अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया

## 69 पुलिस की टीमों ने 114 बदमाशों को गिरफ्तार किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। एसपी राजर्षि राज वर्मा ने लोकसभा चुनावों के लिए होने वाले मतदान से ठीक तीन दिन पहले अपराधियों की धरपकड़ के लिए सोमवार पांच घंटे का सुबह-सुबह विशेष अभियान चलाया। इस अभियान को ऑपरेशन पराक्रम दिया गया। जिसकी मॉनेटरिंग खुद एसपी राजर्षि राज वर्मा ने की। इस अभियान को लेकर जिले के पुलिस अधिकारियों की 69 टीमें बनाई गई।

■ **पांच घंटे तक चला ऑपरेशन पराक्रम अभियान**

जिनमें 323 पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी शामिल थे। सभी ने पांच घंटों में 414 स्थानों पर दबिश दी। जहां पर 242 ऐसे व्यक्तियों को चैक किया गया। जो हार्डकोर, सक्रिय हिस्ट्रीशीटर, हिस्ट्रीशीटरों की गैंग के सदस्य, पिछले पांच सालों में फायरिंग के चालानशुदा अपराधी, आबकारी, एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट व अन्य प्रकरणों में वांछित, स्थायी वारंटी और 288 के उद्घोषित अपराधी थे। इनमें से 114 जनों पर निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें पाबंद अथवा गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा नौ वांछित वारंटियों को गिरफ्तार करने के अलावा पांच मामले अवैध शराब के दर्ज किए गए। एसपी राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न हो। इसके लिए लगातार अभियान चलाकर बदमाश प्रवृत्ति के लोगों की धरपकड़ और पाबंद करने की कार्रवाई जारी रहेगी। ऐसे सभी लोगों पर मुखबिर के जरिए नजर भी रखी जा रही है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए भी स्पेशल टीमें लगाई गई है।



**एसपी राजर्षि राज वर्मा ने लोकसभा चुनावों के लिए होने वाले मतदान से ठीक तीन दिन पहले अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया।**

## 48 यूनिट रक्तदान किया

**रतनगढ़,** (निसं)। देवकिशन स्मृति सेवा समिति के तत्वावधान में स्व. देवकिशन की 7 वीं पुण्यतिथि पर सेठ सूरजमल जालान राजकीय जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में 48 यूनिट रक्तदान किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पीएमओ डॉ. संतोष आर्य, सीताराम जांगिड़ व इन्द्राज खींचड मंचस्थ अतिथि थे। स्व. देवकिशन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण व फीता काटकर शुरू हुवे शिविर में समिति अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी ने सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि समिति प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन करती है जिसमे अनेक युवा रक्तवीर हरवर्ष रक्तदान करते हैं जो बहुत प्रशंसनीय है। सोनी ने बताया कि समिति द्वारा आज चिकित्सालय में भर्ती रोगियों को फल वितरण व अन्नपूर्णा रसोई में भोजन ग्रहण करने वालों को टोकन निशुल्क जारी किए गए। शिविर में रक्तदान करने वालों को समिति की ओर से प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न के रूप में ट्रेवलर बैग प्रदान किया गया। शिविर के सफल आयोजन में सहयोग पर डॉक्टरों व समस्त स्टाफ का अभिनंदन किया गया व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ संरक्षक देवेन्द्र यादव, सीताराम दाधीच, नरोत्तम लाल सोनी, सांवरमल जांगिड, वैध लक्ष्मीनारायण शर्मा, पंकज,भुवनेश कुमार इन्दौरिया सीए, अरुण कुमार शर्मा सीए, मुकेश सोनी सहित चिकित्सालय स्टाफ उपस्थित था।

## पी.ई.ई.ओ. एवं बी.एल.ओ. की मीटिंग

**पाटन,** (निसं)। पंचायत समिति के सभागार में सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर सीकर तथा स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीकर के निर्देशानुसार सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी नीमकाथाना के आदेश की अनुपालना में पाटन ब्लॉक की पीईईओ एवं बीएलओ की संयुक्त मीटिंग का आयोजन किया गया।

जिसमें आगामी पांच दिवसों में आयोजित की जाने वाली स्वीप गतिविधियों की रूपरेखा, प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता जागृति समूह द्वारा मतदान दिवस तक प्रति दिवस दो-दो घंटे सुबह-शाम घर-घर जाकर शत प्रतिशत मतदान करने के प्रति मतदाताओं को जागृत करने, मतदान केंद्रों पर छाया पानी की व्यवस्था करने, मतदान दिवस पर पीला चावल निमंत्रण पत्र वितरित करने तथा 16 अप्रेल 2024 को समस्त विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को शपथ दिलवाने, विद्यार्थियों द्वारा अपने परिवार के सदस्यों को एंड्रॉयड फोन से ई-शपथ दिलाकर प्रमाण पत्र डाउनलोड करने के बारे में विस्तार से चर्चा की गई । इस दौरान विकास अधिकारी रामचंद्र सैनी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश टेलर , सहित ब्लॉक के 22 ग्राम पंचायत के पीईईओ एवं 85 बीएलओ उपस्थित रहे।

## मतदान जागरूकता रैली निकाली

**सादुलपुर,** (निसं)। निर्वाचन प्रभारी महोदय, राजगढ के निर्देश पर सामवार को बिजली कर्मियों द्वारा स्वीप के तहत मतदान जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें विद्युत विभाग के अभियन्ता, लेखा,मंत्रालयिक व तकनीकी संवर्ग के कर्मचारियों अधिकारियों ने भाग लिया तथा नारेबाजी के साथ आमजन से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

■ **विद्युत विभाग से रैली निकालकर मतदान जागरूकता का संदेश दिया**

रैली विद्युत विभाग कार्यालय से प्रारंभ होकर तोलाराम फीडर फोरपोल, गुलाब भवन बस स्टैंड होते हुए वापस विद्युत कार्यालय में रैली का समापन हुआ। रैली में सहायक अभियन्ता शहरी दिनेश यादव, सहायक अभियंता ग्रामीण प्रमोद कुमार, सहायक अभियंता विष्णु कुमार, महेन्द्र कुमार सैनी, अमर सिंह स्वामी, सतीश राठौड, जेई रोहित कंवल, नवीन कुमार, एआरओ वीरेंद्र सिंह, विजय भाम्भू, संदीप जडिया, संदीप गजराज, रामकिशन ढाका, सुनीता सैनी, ज्योति, कविता सैन, मधु स्वामी, पूजा वर्मा, बलवान पूनिया, धूप सिंह, लीलाधर शर्मा, मुकेश कुमार, बजरंगलाल, देवीसिंह राठौड, विकास रोहिला, उम्मेद पचार, मेघराज, सोमवीर, राममेहर व ज्ञानप्रकाश आदि कार्मिक सम्मिलित हुए एवं आगामी 19 अप्रैल 2024 को ज्यादा से ज्यादा संख्या में निर्भिक व निडरता के साथ आचार सहिंता का पालन करते हुए मतदान करने का आव्हान किया।

## डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई

**सादुलपुर,**(निसं)। रविवार को गाँव जैतपुरा में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाई गई। इसी दौरान अरविंद मेघवाल ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने को प्रेरित किया और बताया कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पहचान एक संविधान निर्माता के तौर पर होती है। इसके अलावा, वे भारतीय विधिवेत्ता, राजनीतिज्ञ, दार्शनिक, मानवविज्ञानी, इतिहासकार और अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने समाज के निचले तबके के उत्थान के लिए ढेरों काम किए हैं। अरविन्द मेघ्वाल ने कहा कि अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल, 1891 को हुआ था तथा उन्होंने भारतीय जाति व्यवस्था के खिलाफ अभियान चलाया।

# बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर कर रहे सर्वे

**सीकर,** (नि.सं.)। बदलते मौसम के मिजाज को देखते हुए चिकित्सा विभाग मौसमी बीमारियों की रोकथाम में जुट गया है। विभाग की ओर से चलाए जा रहे मलेरिया क्रेश कार्यक्रम प्रथम चरण के तहत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा शहरों, कस्बों, गांवों व ढाणियों में एंटीलार्वल गतिविधियां की जा रही है। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर घर जाकर सर्वे किया जा रहा है। साथ ही घरों में रखे परिण्डे, गमले, पानी की टंकियां आदि की जांच कर आमजन को मच्छरों को नहीं पनपने देने के लिए की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से चलाए जा रहे मलेरिया क्रेश कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा की जा रही गतिविधियों की मानिटरिंग भी की जा रही है। जिला व ब्लॉक स्तर से गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

■ **शहर, कस्बो, गांवों व ढाणियों में की जा रही है एंटीलार्वल गतिविधियां**

साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर घर जाकर किए जा रहे सर्वे के दौरान मिलने वाली इनपुट के आधार पर उनको आगामी गतिविधियों के निर्देश दिए जा रहे है।उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार महरिया ने बताया कि बदलते मौसम को देखते हुए गली, मोहल्लों में एकत्रित गंदे पानी में मच्छर नहीं पनपे इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा एमएलओ का घोल डाला रहा है।

साथ ही घरों में रखे परिण्डे, गमले, कूलर, छत पर रखे पुराने टॉयर आदि में पानी जमा नहीं होने देने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा इनको साफ भी करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घर घर सर्वे के दौरान बुखार से पीडित पाए जाने वाले रोगियों की ब्लड स्लाइड भी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से घरों व मोहल्लों में सर्वे कर एन्टीलार्वल व एन्टीएडल्ट तथा सोर्स रिडक्शन गतिविधियां की जा रही है।

# स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने किया धोद विधानसभा में जनसंपर्क

**सीकर,** (निसं)। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती सोमवार को धोद विधानसभा के गांवों में दौरे पर रहे। उनके साथ धोद विधायक गोरधन वर्मा सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता साथ रहे। जनसंपर्क में स्वामी सुमेधानंद ने अपने कार्यकाल में लोकसभा क्षेत्र में करवाए गये विकास कार्यों को जनता के बीच रखा।

भाजपा प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि कम्यूनिष्ट पार्टी ने हमेशा धरना, प्रदर्शन करने का काम किया है। धोद विधानसभा से इस पार्टी के चार बार विधायक बने। भाजपा के शासन में यहां पर विकास की ओर ध्यान दिया गया और गांवों को सड़कों के माध्यम से जोड़ा गया। भाजपा की केंद्र की सरकार हो चाहे राजस्थान की सरकार हो दोनों सरकारों ने बिना किसी भेदभाव के विकास के कार्य सभी जगहों पर किये हैं। कहा कि भाजपा ही ऐ ऐसी पार्टी है जो दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विकास के कार्य करती है जिससे देश के प्रत्येक नागरिक को उसका लाभ मिले।उन्होंने कहा कि कम्यूनिष्टों ने पश्चिम बंगाल में शासन के दौरान वहां के हालात बिगाडऩे में कोई कसर नहीं छोड़ी। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के गांवों में पहुंचने पर ग्रामीण महिलाओं ने ग्रामीण अंदाज में गीत गाकर स्वागत किया और लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। ग्रामीणों ने स्वामी सुमेधानंद को आश्वस्त किया कि वे यहां से भारी बहुमत से जीताकर केंद्र सरकार में सीकर का प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजेंगे।

धोद विधायक गोरधन वर्मा ने सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती द्वारा जिले में करवाए गये 10 हजार करोड़ से अधिक की राशि का जिक्र किया। कहा कि स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने हमेशा अपने जिले के लोगों को परिवार मानते हुए की। उन्होंने केंद्र सरकार से जिले में विकास कार्यों की लिस्ट देने में कोई कौताही नहीं बरती। वहीं केंद्र सरकार ने भी स्वामी जी को कभी निराश नहीं किया। कहा कि स्वामी सुमेधानंद को मजबूती के साथ जीताकर केंद्र सरकार में सीकर की भागीदारी सुनिश्चित करना हम सबका दायित्व है। जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र माथुर ने बताया कि इस दौरान धोद विधायक गोरधन वर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता रामेश्वर रणवां, पूर्व प्रमुख शोभ सिंह अनोखू, गजानंद,भाजपाजिलामंत्री ओमप्रकाश ,सहित काफी संख्या में पंच, सरपंच, पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**झुंझुनूं,** (निसं)।छावनी बाजार स्थित छावनी नरेश बालाजी सेवा समिति द्वारा रविवार को महमिया निवास पर हनुमान जन्म महोत्सव की तैयारी को लेकर प्रमोद कुमार खंडेलिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित लड्डू गोपाल व ध्वज नगर भ्रमण यात्रा, नवचंडी महायज्ञ व अखंड सुंदरकांड पाठ सहित आदि होने वाले धार्मिक आयोजनों को मूल रूप से सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया।

सेवा समिति के व्यवस्थापक शशिकांत महमिया ने बताया कि बैठक में 22 अप्रेल को रिंकी खंडेलिया, कन्हैयालाल नानू पंसारी, प्रियंका खंडेलिया के संयोजन में नया श्याम मंदिर से निकलने वाली लड्डू गोपालजी व बालाजी की ध्वज यात्रा सुबह 9:30 बजे प्रारंभ होगी। जो खेतानों के मोहल्ला से चूणा चौक पहुंचकर राणी सती रोड होते हुए गांधी चौक पहुंचकर मोदी रोड से होते हुए कमल हाइट्स के पास से बावलिया शिव मंदिर के सामने से होते हुए नेहरू मार्केट से पुरानी जेल सुनारों का मोहल्ला से होते हुए छावनी बाजार बालाजी मंदिर पहुंच कर संपन्न होगी। यात्रा में रथ पर राधा-कृष्ण व घोड़े पर बाल रूप में बालाजी महाराज की सजीव झांकी होंगी। यात्रा में भाग लेने वाले मंदिर से अपना निशुल्क कूपन प्राप्त कर सकते है।

# राजस्थानी भाषा को निश्चित रूप से मान्यता मिलनी चाहिए : चावला

**चूरू,** (कासं)। भाजपा के प्रदेश मंत्री डॉ. वासुदेव चावला ने कहा है कि राजस्थानी भाषा को मान्यता निश्चित रूप से मिलनी चाहिए, इसके लिए पूरे प्रयास करेंगे। डॉ. वासुदेव चावला ने यह बात आज यहां भाजपा जिला कार्यालय में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पार्टी द्वारा जारी किये गये संकल्प पत्र को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में 'राष्ट्रदूत' के एक सवाल के जवाब में कही। डॉ. चावला ने कहा कि संकल्प पत्र में यह बात नहीं आई है, इसे लागू करवाने की कोशिश करेंगे। चावला ने कहा कि पिछली सरकारों में राजस्थानी सिनेमा के लिए सही काम नहीं हुआ है। अब राजस्थानी फिल्म इण्डस्ट्री को पूरा मान-सम्मान मिलेगा। भाजपा प्रदेश मंत्री डॉ वासुदेव चावला ने कहा कि यह संकल्प पत्र देश की दशा और दिशा को परिवर्तित करने वाला है। जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार आम जनता के लिए लोककल्याणकारी नीतियों को धरातल पर उतारा है, उससे शीघ्र ही देश विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में खड़ा हो जायेगा। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र का उदेश्य भारत के चार मजबूत स्तंभ युवा, नारी, गरीब व किसान को समर्पित है और उन्हें शासन का लाभ किस प्रकार मिले, इसकी चिंता इस संकल्प पत्र में कि गई है। चावला ने कहा कि भाजपा 2024 में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए जो संकल्प व्यक्त किया है, उससे देश के प्रत्येक व्यक्ति के साथ न्याय होगा। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना के तहत लोन की सीमा 20 लाख रुपए करने से देश के युवा सशक्त होंगे। वहीं 3 करोड़ लोगों को आवास उपलब्ध करवाने से देश के गरीब लोगों को आवास मिल पायेगा। इसमें दिव्यांगों के लिए भी जो पीएम आवास योजना में प्राथमिका देने की बात कही गई है, वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार इस संकल्प पत्र में माताओं और बहनों के लिए 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का संकल्प व्यक्त किया गया है। वह इस बात को दर्शाता है कि भाजपा के चरित्र में नारी शक्ति को लेकर कितना सम्मान है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प पत्र हर भारतीय के संकल्प को पूरा करने की आशा व्यक्त करता है। जिस प्रकार देश को विश्व की तीसरी आर्थिक ताकत बनाने का रोड़ मेप दिखाया गया है, इससे हर भारतीय के मन में गौरव उत्पन्न होता है। उन्होंने इस संकल्प पत्र को प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव पत्र की संज्ञा देते हुऐ कहा कि इस संकल्प पत्र को जारी करने के पिछे देश को विकसित देश बनाने का विजन है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने इस संकल्प पत्र को जारी करने के लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। इससे पूर्व चूरू के पत्रकार अजय स्वामी के असामयिक निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया, जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच, सह संयोजक राजीव शर्मा, नीरज जांगिड़, सोशल मीडिया जिला सह संयोजक सुरेश मिश्रा, कार्यालय मंत्री रामस्वरूप कटारिया, मनोज तंवर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**भाजपा के प्रदेश मंत्री डॉ. वासुदेव चावला ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पार्टी द्वारा जारी किये गये संकल्प पत्र को लेकर पत्रकारों से वार्ता की।**

■ **लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा द्वारा जारी किये गये संकल्प पत्र को लेकर की पत्रकारों से वार्ता**

## कॅरिअर काउंसलिंग का आयोजन

**झुंझुनूं,**(निसं)।चूणा चौक राणी सती रोड स्थित झुंझुनूं प्रगति संघ मुंबई द्वारा संचालित आदर्श बाल निकेतन सीनियर सैकंडरी स्कूल में विद्यालय सचिव परमेश्वरलाल हलवाई की अध्यक्षता में कॅरिअर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। सचिव ने अपने उद्बोधन में संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि आपको अपने अभिभावकों की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए अपना भविष्य निर्माण करना है। अपनी योग्यता को पहचानते हुए सही विषय का चुनाव कर सके। इसलिए आपके लिए आज की कॉउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। निश्चित रूप से आप इस काउंसलिंग सत्र से लाभान्वित होंगे। ऐसी हमारी अपेक्षा है। प्रधानाचार्य डॉ. अजय कुमार ने बताया कि जिन बच्चों की अभी कक्षा 10वीं की परीक्षा हुई है। उनके सामने सबसे बड़ी असमंजस की स्थिति होती है कि वह आगे किस फील्ड में जाएं। सही जानकारी के अभाव में कई बार विद्यार्थी गलत निर्णय भी ले लेते हैं। इसलिए विद्यार्थियों को इस समय सही मार्गदर्शन की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि जो लक्ष्य आप निश्चित करेंगे। वहां तक पहुंचने के लिए आपको कई उतार-चढ़ाव से गुजरना पड़ेगा। लेकिन अगर आपका इरादा पक्का है तो आप हर पड़ाव पूरा कर लेंगे। स्कूल की वाईस प्रिंसिपल अनिता महमिया ने बताया कि एबीएन टीम हमेशा आपके जीवन निर्माण में आपके साथ रहेगी और साथ ही कहा की अगर आप पूरी ईमानदारी व मेहनत के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए तत्पर हैं।

## सार-समाचार

### स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली बनाई



**सादुलपुर,** (निसं)। मोहता पब्लिक स्कूल राजगढ में लोकसभा चुनाव-2024 के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) चूरू के दिशा निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत विद्यालय में रंगोली, पोस्टर व चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य एम.पी. त्यागी ने बताया कि लोकतांत्रिक मर्यादाओं को बनाये रखना व अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के उदेश्य से उक्त प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक चुन्नीलाल के निर्देशन में हुई इन प्रतियोगिताओं के साथ ही मतदान की तिथि, मतदान का समय, मतदान के लिए मतदान पहचान पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक दस्तावेजों के बारे में भी जानकारी दी गई तथा पोस्टर बनाए गए। विजेता विधार्थियों को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक की भूमिका अदरीस मोहम्मद, पूनम शर्मा, तारावती व सुरेखा पूनिया ने निभाई। इस अवसर पर इन्द्रसिंह, दीवाकर सिंह, कुलदीप, दयासिंह, आर. एस. शेखावत, संतोष चारण, उर्मिला चौधरी आदि ने भी भागीदारी निभाई। फोटो-02-03 स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली, पोस्टर व चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान का संदेश देते मोहता पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी

### मतदान जागरूकता रैली निकाली




**चिड़ावा,** (निसं)। शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रशासन के साथ साथ अब समाजिक संगठन भी आगे आकर सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील कर रहे है । इसी क्रम में शेखावाटी की समाजिक संस्था लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट ने भगेरिया पब्लिक स्कूल के बच्चों को साथ लेकर जागरूकता रैली का आयोजन किया जिसको सेखसरिया चेरिटेबल ट्रस्ट चिड़ावा के प्रतिनिधि सतीश शर्मा भगेरिया पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद शर्मा व स्कूल की निर्देशिका आंचल आलोक भगेरिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की।इससे पहले ट्रस्ट के जिला प्रभारी राधेश्याम सुखाडिया, तहसील प्रभारी रजनीकांत मिश्रा ने अतिथियों का ट्रस्ट का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया।रेली में छोटे छोटे बच्चे नारों के माध्यम से लोगों को मतदान करने की अपील कर रहे थे रैली के दौरान स्कूल का स्टाफ, ट्रस्ट के कार्यकर्ताओ ने भी मतदान करने की अपील की । कार्यक्रम में सुनीता गोरखा,आशा वर्मा,प्रतिभा, लक्ष्मी शर्मा,रेनू महला,पिंकी कुमावत, जयमाला शर्मा,अक्षिता,रंजना शर्मा,सरिता सोनी,अनिता जांगिड़,यश शर्मा,रेनू सोमरा, कीर्ति शर्मा,नेहा,निशा सैनी, हिमांशी मोदी,चंचल खंडेलिया, शबनम सहित स्कूल स्टाफ व ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

### महिलाओं ने दिया जागरूकता का संदेश



**झुंझुनूं,** (निसं) जिले में स्वीप अभियान के अंतर्गत सतरंगी सप्ताह के छठे दिन महिलाओं की ओर से मार्च निकालकर आमजन को मतदान के लिए जागरूक किया। एसडीएम सुमन सोनल ने कलेक्ट्रेट परिसर से महिला मार्च को हरी झंडी दिखाई। मार्च में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, नर्सिंग छात्राएं व सरकारी विभाग की महिला कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। महिला मार्च कलेक्ट्रेट परिसर से नगर परिषद, इंदिरा नगर, मंडावा मोड़ से होते महिला अधिकारिता विभाग पर संपन्न हुआ। जहां स्वीप कॉर्डिनेटर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक बिजेंद्रसिंह राठौड़ द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलवाई गई।

### शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ के श्री एसजेडीतोला कॉलेज के परिसर में सोमवार को प्राचार्य सुनील शर्मा की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत सतरंगी सप्ताह का छठा दिन महिला रंगोली एवं महिला मार्च कलर थीम के तहत कॉलेज की छात्राओं द्वारा रैली व रंगोली का आयोजन कर शत प्रतिशत मतदान करने व करवाने का संकल्प लिया। जागरूकता संबंधी संदेश मतदाताओं को लोकतांत्रिक मर्यादाओं बनाये रखने व निष्पक्ष, शतप्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई तथा वोटिंग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। उर्जावान, वाककुशल एव कर्तव्यनिष्ठ नोडल अधिकारी नरेन्द्र सिंह पूनिया के निर्देशन में लोक सभा आम चुनाव-2024 में ज्यादा से ज्यादा निष्पक्ष मतदान करनें व करवानें पर बल दिया। एसडीएम सुशील कुमार सैनी के निर्देशन में स्वीप प्रभारी के.डी. शर्मा ने स्वीप की उपयोगिता के बारे में विस्तृत रूप से समझाये। इस कार्यक्रम मे तोला कॉलेज के रमेश, प्रवीण, नन्दिता सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित हुए।

### डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई

**सादुलपुर,** (ओमप्रकाश)। कस्बे के मौहल्ला रामबास में रविवार को सर्व समाज द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई।उन्होंने समाज के निचले तबके के उत्थान के लिए ढेरों काम किए हैं। अरविन्द मेघ्वाल ने कहा कि अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल, 1891 को हुआ था तथा उन्होंने भारतीय जाति व्यवस्था के खिलाफ अभियान चलाया। इस अवसर पर मनोज कुमार स्वामी, नवनीत माँजु, चिरंजीलाल प्रजापत एडवोकेट, रुक्मानन्द दर्जी, श्रवण कुमार, लीलूराम गोदारा, हवासिंह पूनिया, सहदेव कुमार, पूर्णाराम भक्त, सोनू प्रजापत, अमन स्वामी आदि सहित मौहल्ले के अनेक लोग उपस्थित रहे। इसी दौरान सभी ने बाबा साहेब द्वारा बताए सामाजिक समरसता के उपदेशों का पालन करने का एवं सामाजिक बुराइयों को दूर करने का संकल्प लिया।